# हमारी स्वास्थ्य और विकलांगता प्रणाली

## अस्पताल एवं विशेषज्ञ सेवाएं

सुसंगत उच्च-गुणवत्ता वाले अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं तक पहुंच सभी न्यूज़ीलैंड वासियों को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है और जहां भी लोग रहते हैं, वहां उपलब्ध होनी चाहिए।

### क्या बदल रहा है?

अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाएं वर्तमान में हमारे 20 डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्ड्स या जिला स्वास्थ्य बोर्डों (डीएचबी) द्वारा चलाई जाती हैं। इसका मतलब यह है कि डीएचबी यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार रही हैं कि उनकी आबादी के लिए कौन सी सेवाएँ उपलब्ध हैं और वे सेवाएँ कहाँ स्थित हैं।

भविष्य में, एक सुसंगत नेटवर्क के हिस्से के रूप में हैल्थ न्यूज़ीलैंड अस्पतालों को चलाने और विशेषज्ञ सेवाओं की योजना के लिए जिम्मेदार होगा ताकि निष्पक्ष पहुंच, तथा जरूरत के समय लोगों को सही देखभाल मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

### क्यों?

डीएचबी के बीच कुछ आपसी सहयोग के बावजूद चूंकि वे अलग-अलग संस्थाएं हैं, इसलिए दोहराव हो सकते हैं, और अस्पतालों और विशेषज्ञ सेवाओं में समन्वय का अभाव हो सकता है। इन सेवाओं में सुसंगति और सर्वोत्तम व्यवहार को अपनाने से लाभ होगा; प्रत्येक डीएचबी के लिए उन्हें अलग-अलग डिजाइन करना उपयुक्त नहीं है। इनमें कुछ बहुत विशेषज्ञ सेवाएं भी शामिल हैं जिन्हें केवल पूरे न्यूज़ीलैंड के लिए एक ही बार व्यवस्थित करने की जरूरत है।

डीएचबी के विखंडन ने एक 'पोस्टकोड लॉटरी' जैसी प्रणाली को जन्म दिया है, जिसके कारण आप के निवास स्थान के आधार पर देखभाल के प्रकारों और गुणवत्ता में काफी अंतर होता है।

साथ ही, अस्पतालों को एक नेटवर्क के रूप में प्रबंधित नहीं किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्षमता होती है और सेवाओं को अधिक समानता और कुशलता से चलाने के अवसर चूक जाते हैं। कई निर्णय जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लिया जा सकता था, जैसे कि लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेषज्ञ सेवाओं को कहां स्थापित किया जाए, या नई सुविधाओं में पूंजी का निवेश कहां किया जाए, ये निर्णय व्यक्तिगत रूप से डीएचबी द्वारा लिए जाते हैं। हालांकि व्यवस्था के सभी भागों में उचित विधियां हैं, परन्तु ये आसानी से पहचानी नहीं जा सकतीं और क्षेत्रों के बीच फैली हुई हैं।

एक एकल राष्ट्रव्यापी प्रणाली अपनाने से निरंतरता में सुधार होगा, सर्वोत्तम विधियों की साझेदारी होगी और सबसे ज़रूरतमंद स्थानों पर नई सुविधाओं और सेवाओं के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जा सकेंगी, ताकि हर किसी की ज़रूरत के समय ज़रूरी देखभाल तक पहुंच हो। यह हमें देखभाल के उपयुक्त मॉडलों की बेहतर

योजना बनाने, हमारे पास उपलब्ध विशेषज्ञता और उपकरणों का सर्वोत्तम उपयोग करने की भी सुविधा देगा; जिसमें देखभाल तक पहुँच बढ़ाने के लिए डिजिटल और वर्चुअल तकनीकों का लाभ उठाना शामिल है।

## भविष्य में यह कैसा दिखाई देगा?

स्थानीय अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाएं, अभी भी स्थानीय समुदायों में देखभाल के केंद्र में होंगी, हालांकि यह देखभाल पूरे देश में अधिक सुसंगत होगी, और अन्य सेवाओं से बेहतर ढंग से जुड़ी होगी।

ऑकलैंड या फांगानुई में, लोग स्थानीय सेवाओं की गुणवत्ता पर भरोसा कर सकेंगे, और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ देखभाल तक पहुंच के तरीके के बारे में उन्हें स्पष्ट जानकारी होगी। अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाएं एक नेटवर्क के रूप में संचालित होंगी और राष्ट्रीय स्थिरता और स्थानीय ज्ञान और विशेषज्ञता के सर्वोत्तम उपयोग को संतुलित करते हुए क्षेत्रीय रूप से प्रबंधित की जाएंगी।

इसका मतलब यह होगा कि लोग अपने स्थानीय अस्पताल में उपलब्ध न होने पर भी सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इस मजबूत नेटवर्क को डिजिटल और वर्चुअल देखभाल के बेहतर उपयोग द्वारा समर्थित किया जाएगा, ताकि अग्रणी विशेषज्ञों की विशेषज्ञता का देश भर में लाभ उठाया जा सके।

नए निवेश कहां किए जाते हैं, इस बारे में निर्णय - सेवाओं, इमारतों या अन्य बुनियादी ढांचे में किए जाने वाले नए निवेशों के निर्णय लोगों की ज़रूरतों तथा इस पर आधारित होंगे कि निवेश जहां सबसे बड़ा अंतर ला सकता है। इसका मतलब अधिक लोगों के लिए बेहतर देखभाल प्रदान करना होगा।

साथ ही, बेहतर नवाचार, सर्वोत्तम विधियों को साझा करने, और प्राथमिक और सामुदायिक परिवेशों में अधिक देखभाल स्थानांतरित करने से, अस्पतालों पर दबाव कम होगा। दीर्घकालिक योजना से, मांग का पूर्वानुमान करना और हमारे कार्यबल और सेवाओं में निवेश के साथ प्रतिक्रिया करना आसान हो जाएगा।

## आगे क्या होगा?

हमारे अस्पताल और विशेषज्ञ नेटवर्क को कैसे चलाया जाना चाहिए, इसके विस्तृत डिज़ाइन कार्य में स्वास्थ्य क्षेत्र, समुदायों और उपभोक्ताओं को जोड़ा जाएगा। औपचारिक संगठन स्थापित करने के लिए 2022 के मध्य में संभावित विधेयक पारित होने (पास होने) से पहले, 2021 में आगे चलकर एक अंतरिम Health NZ संस्था स्थापित की जाएगी।

## अधिक जानना चाहते हैं?

स्वास्थ्य सुधार कार्य और उसकी प्रगति के बारे में अधिक जानकारी DPMC (डीपीएमसी) वेबसाईट पर ट्रांज़िशन यूनिट के काम के अंतर्गत www.dpmc.govt.nz/our-business-units/transition-unit
पर उपलब्ध है।